Vishwakarma Chalisa Lyrics

॥दोहा॥

विनय करौं कर जोड़कर, मन वचन कर्म संभारी ।
मोर मनोरथ पूर्ण कर, विश्वकर्मा दुष्टारी ।

।। चौपाई ।।

विश्वकर्मा तव नाम अनूपा, पावन सुखद मनन अनरूपा ।
सुंदर सुयश भुवन दशचारी, नित प्रति गावत गुण नरनारी । १ ।
शारद शेष महेश भवानी, कवि कोविद गुण ग्राहक ज्ञानी ।
आगम निगम पुराण महाना, गुणातीत गुणवंत सयाना । २ ।
जग महँ जे परमारथ वादी, धर्म धुरंधर शुभ सनकादि ।
नित नित गुण यश गावत तेरे, धन्य-धन्य विश्वकर्मा मेरे । ३ ।
आदि सृष्टि महँ तू अविनाशी, मोक्ष धाम तजि आयो सुपासी ।
जग महँ प्रथम लीक शुभ जाकी, भुवन चारि दश कीर्ति कला की । ४ ।
ब्रह्मचारी आदित्य भयो जब, वेद पारंगत ऋषि भयो तब ।
दर्शन शास्त्र अरु विज्ञ पुराना, कीर्ति कला इतिहास सुजाना । ५ ।
तुम आदि विश्वकर्मा कहलायो, चौदह विधा भू पर फैलायो ।
लोह काष्ठ अरु ताम्र सुवर्णा, शिला शिल्प जो पंचक वर्णा । ६ ।
दे शिक्षा दुख दारिद्र नाश्यो, सुख समृद्धि जगमहँ परकाश्यो ।
सनकादिक ऋषि शिष्य तुम्हारे, ब्रह्मादिक जै मुनीश पुकारे । ७ ।
जगत गुरु इस हेतु भये तुम, तम-अज्ञान-समूह हने तुम ।
दिव्य अलौकिक गुण जाके वर, विघ्न विनाशन भय टारन कर । ८ ।
सृष्टि करन हित नाम तुम्हारा, ब्रह्मा विश्वकर्मा भय धारा ।
विष्णु अलौकिक जगरक्षक सम, शिव कल्याणदायक अति अनुपम । ९ ।
नमो नमो विश्वकर्मा देवा, सेवत सुलभ मनोरथ देवा ।
देव दनुज किन्नर गन्धर्वा, प्रणवत युगल चरण पर सर्वा । १० ।
अविचल भक्ति हृदय बस जाके, चार पदारथ करतल जाके ।
सेवत तोहि भुवन दश चारी, पावन चरण भवोभव कारी । ११ ।
विश्वकर्मा देवन कर देवा, सेवत सुलभ अलौकिक मेवा ।
लौकिक कीर्ति कला भंडारा, दाता त्रिभुवन यश विस्तारा । १२ ।
भुवन पुत्र विश्वकर्मा तनुधरि, वेद अथर्वण तत्व मनन करि ।
अथर्ववेद अरु शिल्प शास्त्र का, धनुर्वेद सब कृत्य आपका । १३ ।
जब जब विपति बड़ी देवन पर, कष्ट हन्यो प्रभु कला सेवन कर ।
विष्णु चक्र अरु ब्रह्म कमण्डल, रूद्र शूल सब रच्यो भूमण्डल । १४ ।
इन्द्र धनुष अरु धनुष पिनाका, पुष्पक यान अलौकिक चाका ।
वायुयान मय उड़न खटोले, विधुत कला तंत्र सब खोले । १५ ।
सूर्य चंद्र नवग्रह दिग्पाला, लोक लोकान्तर व्योम पताला ।
अग्नि वायु क्षिति जल अकाशा, आविष्कार सकल परकाशा । १६ ।
मनु मय त्वष्टा शिल्पी महाना, देवागम मुनि पंथ सुजाना ।
लोक काष्ठ, शिल ताम्र सुकर्मा, स्वर्णकार मय पंचक धर्मा । १७ ।
शिव दधीचि हरिश्चंद्र भुआरा, कृत युग शिक्षा पालेऊ सारा ।
परशुराम, नल, नील, सुचेता, रावण, राम शिष्य सब त्रेता । १८ ।
ध्वापर द्रोणाचार्य हुलासा, विश्वकर्मा कुल कीन्ह प्रकाशा ।
मयकृत शिल्प युधिष्ठिर पायेऊ, विश्वकर्मा चरणन चित ध्यायेऊ । १९ ।
नाना विधि तिलस्मी करि लेखा, विक्रम पुतली दृश्य अलेखा ।
वर्णातीत अकथ गुण सारा, नमो नमो भय टारन हारा । २० ।

।। दोहा ।।

दिव्य ज्योति दिव्यांश प्रभु, दिव्य ज्ञान प्रकाश ।
दिव्य दृष्टि तिहुँ कालमहँ, विश्वकर्मा प्रभास ।
विनय करो करि जोरि, युग पावन सुयश तुम्हार ।
धारि हिय भावत रहे, होय कृपा उद्धार ।

shrihanumanchalisa.in